दिनांक : 29.06.2025 **समय : 02.10 पीएम**

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि महिलाओं के नेतृत्व में विकास का मंत्र भारत का नया भविष्य गढ़ने के लिए तैयार है। देश की महिलाएं न सिर्फ अपने को बल्कि पूरे समाज को नई दिशा दे रही हैं। श्री मोदी ने प्रदेश की सुमा उइके का उल्लेख करते हुए कहा कि इन्होंने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भरता हासिल की।

प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की उस रिपोर्ट का उल्लेख किया जिसमें कहा गया है कि देश की 64 प्रतिशत से ज्यादा आबादी को कोई न कोई सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल रहा है। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें भारत को आंखों की बीमारी ट्राकोमा से मुक्त घोषित किया गया है। वहीं आपातकाल का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से बड़े से बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है।

श्री मोदी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में दुनियाभर के करोड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग अपने दैनिक जीवन में योग को अपना रहे हैं। श्री मोदी ने कैलास मानसरोवर यात्रा, अमरनाथ यात्रा और जगन्नाथ रथ यात्रा की चर्चा करते हुए कहा कि उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक–ये यात्राएं एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव का प्रतिबिम्ब हैं। प्रधानमंत्री ने मेघालय के एरी सिल्क का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह मेघालय की एक धरोहर है जिसे हाल ही में जीआई टैग मिला है। श्री मोदी ने कहा कि मेघालय की जनजातियों ने विशेषकर खासी समाज के लोगों ने इसे पीढ़ियों से सहेजकर रखा है और अपने कौशल से समृद्ध किया है।

मुख्यमंत्री–सूरत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गुजरात के सूरत में आयोजित "मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर इंटरएक्टिव सेशन" में शामिल होंगे। यह आयोजन "उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025" अभियान की श्रृंखला में बेंगलुरु के बाद दूसरा बड़ा संवाद होगा। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर औद्योगिक समूहों से जुड़ाव बढ़ाना, रोजगार के अवसर सृजित करना और निवेश को सुगम बनाना है।

चारधाम यात्रा

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलाई बैंड के पास आज तड़के बादल फटने की घटना में निर्माणाधीन स्थल पर काम कर रहे नौ श्रमिक लापता हो गए। राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है, जिसमें एन.डी.आर.एफ, एस.डी.आर.एफ. और पुलिस टीमें जुटी हैं। निर्माणाधीन स्थल पर कुल 19 मजदूर थे जिनमें से 10 को बचा लिया गया हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल खंडवा में नई कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम तथा दादा धूनी वाले मंदिर आश्रम परिसर में आयोजित शिलान्यास व भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।
- प्रदेश में भोपाल सहित कई जिलों में आज तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज राज्य के 11 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।
- शिवपुरी जिले में पिछोर जनपद पंचायत के सीईओ एनएस नरवरिया ने आवास निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने पर 9 पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर आयोजित रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट (राईस) कॉन्क्लेव से रतलाम को दस हजार करोड़ से अधिक के निवेश की सौगात मिली है। इससे हजारों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

....